नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 ताशकंद में साझेदारी की नई इबारत


6 मंदाकिनी ने दिखाया रौद्र रूप चित्रकूट में बाढ़ का तांडव


7 भारतीय कंपनियों का नया ठिकाना दुबई


8 मेसी के चार गोल से इंटर मियामी की रिकॉर्ड जीत

## एक नजर में

### बिलबोर्ड मामले में फिर उलझे अभिषेक

**कोलकाता.** पार्टी के निशान वाले बिलबोर्ड को हटाने के विवाद में कोलकाता पुलिस ने टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी को नोटिस जारी किया है. इस विवाद के दौरान अभिषेक बनर्जी के कार्यालय में अधिकारियों और प्राइवेट गार्ड्स के बीच हाथापाई हुई थी. बनर्जी को उनके घर पर यह नोटिस दिया गया.

### दिल्ली में बढ़ा स्वाइन फ्लू का प्रकोप

**नई दिल्ली.** एच1एन1 यानी स्वाइन फ्लू इन दिनों दिल्ली-एनसीआर ही नहीं देश के कई अन्य राज्यों के लिए मुश्किलें बढ़ाता देखा जा रहा है. राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों में भी इसके मामले बढ़ रहे हैं, जिसको लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ काफी चिंतित हैं.

### ट्रक में घुसी बस 27 घायल

**लखनऊ.** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रोडवेज बस आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टकरा गई. टक्कर के बाद ट्रक पलट गया. हादसे में बस चालक समेत 27 यात्री घायल हो गए. पुलिस और यूपीडा की टीम ने सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी बाजार शुकुल पहुंचाया. छह गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज, तिलोई रेफर किया गया है.

**768** मौतें
**239** घायल
**2502** लापता
**8730** को बचाया





# 898 कर्मी सुरंगों में फंसे

## हाइड्रो प्रोजेक्ट्स से 361 कर्मचारियों को निकालने के साथ रेस्क्यू तेज

**काठमांडू, (एजेंसी) 30 अगस्त. नेपाल में 26 अगस्त को आए महाप्रलय के बाद पांचवा दिन राहत लेकर आया. तिब्बत में झील का ओवरफ्लो बंद होने पर दूसरे जलप्रलय का खतरा रविवार को टल गया.**

वहीं रेस्क्यू टीमों को हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स से अब 361 लोगों को सुरक्षित निकाल लिए जाने के बाद अंदर जाने का रास्ता भी मिल गया है. इसके साथ ही सुरंगों के अंदर हवा भेजने में भी टीमों को कामयाबी मिली है. इधर, बारिश थमने से राहत कार्य ने एक बार फिर गति पकड़ ली है. इन तमाम राहतों के बीच रेस्क्यू एक्सपर्ट्स का मानना है कि पांच दिन बीतने पर सुरंगों में जीवन की उम्मीद बहुत कम है लेकिन अब तक की सफलताओं के साथ रेस्क्यू को तेज गति से बढ़ाना ही एक मात्र विकल्प है, ताकि मदद की प्रत्याशा में हर जरूरतमंद तक पहुंचा जा सके. इधर तबाही में मृतकों और लापता लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है.

### सुरंग के ऊपर से मिला रास्ता

त्रिशूली-3 ए प्रोजेक्ट की सुरंग में फंसे लोगों तक पहुंचने के लिए बचाव अभियान जारी है. रेस्क्यू टीम सुरंग के एक दूसरे रास्ते से अंदर जाने की कोशिश कर रही है. टीम को सुरंग का ऊपरी हिस्सा मिल गया है. उसे खोलने के लिए मशीनों से खुदाई की जा रही है. रास्ता साफ और सुरक्षित होने के बाद रेस्क्यू टीम सुरंग के अंदर जाएगी और तलाश अभियान आगे बढ़ाएगी. मौके पर सेना, सशस्त्र पुलिस बल की टीम है.

### भारत समेत मदद को आगे आए कई देश

नेपाल के विदेश मंत्री ने कहा है कि भीषण बाढ़ से हुए नुकसान का आंकड़ा अरबों डॉलर तक पहुंच सकता है. इस बीच कई देशों ने नेपाल के लिए आर्थिक और मानवीय मदद का ऐलान किया है.

### झील का पानी निकला

नेपाल-चीन सीमा के पास बाढ़ के बाद बनी झील का ज्यादातर पानी प्राकृतिक रास्ते से निकल गया है. चीन के जल संसाधन मंत्रालय ने रविवार को कहा कि इससे निचले इलाकों में अचानक बड़ी बाढ़ आने का खतरा फिलहाल कम हो गया है.

### 275 भारतीय अब भी लापता

नेपाल में 275 भारतीय अब भी लापता हैं,जबकि 50 भारतीय से संपर्क हो गया है और 108 लोगों को बचा लिया गया है. अब तक 108 भारतीय को बचाया जा चुका है और 50 ऐसे भारतीय से दोबारा संपर्क कर लिया गया है.

# बुंदेलखंड विकास व किसान भाजपा का मुख्य एजेंडा

## कार्यसमिति के पहले दिन बूथ, मंडल मजबूत बनाने पर जोर



**ओरछा, 30 अगस्त. भारतीय जतना पार्टी की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक प्रसिद्ध श्री राम राजा की नगरी ओरछा में रविवार को प्रारंभ हुई, जिसमें राजनीतिक प्रस्ताव को भी पारित किया गया. पार्टी के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी ने कार्यसमिति बैठक के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से चर्चा में राजनीतिक प्रस्ताव के बारे में बताया.**

कोठारी ने कहा कि प्रस्ताव में बुंदेलखंड के विकास, जनजातीय वर्ग के उत्थान, युवाओं, किसानों, महिलाओं, उद्योगों का विकास, रोजगार सहित कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा हुई एवं उन्हें समर्थन दिया गया. जनजातीय वर्ग के लिए समर्थन पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र सिंह पटेल ने दिया. इसी तरह औद्योगिक विकास एवं रोजगार को लेकर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, किसानों को लेकर किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर, महिलाओं को लेकर पूर्व मंत्री व प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनिस, युवाओं को लेकर समर्थन विधायक अभिलाष पांडेय एवं वैभव पंवार ने पेश किए. इससे पहले भाजपा के ध्वजारोहण के साथ कार्यसमिति की बैठक की शुरूआत हुई. इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम सुना. भाजपा का लक्ष्य सेवा, सुशासन, समरसता और विकसित मध्यप्रदेश का संकल्प राहुल कोठारी ने कहा कि भगवान रामराजा सरकार की पावन नगरी ओरछा से कार्यसमिति का स्पष्ट संदेश है कि पार्टी सेवा, सुशासन, समरसता और विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है. यह कार्यसमिति केवल संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि सुशासन, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गौरव और विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को आगे बढ़ाने वाली महत्वपूर्ण बैठक है.

> उन्होंने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति में प्रस्तुत राजनीतिक प्रस्ताव केवल सरकार की उपलब्धियों का दस्तावेज नहीं, बल्कि आने वाले समय के लिए भाजपा कार्यकर्ता का दिशा-पत्र है. प्रस्ताव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, सेवा, तपस्या और सुशासन का अभिनंदन किया गया है. राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भर भारत, आर्थिक प्रगति, डिजिटल इंडिया, गरीब कल्याण, किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के अवसर, स्वास्थ्य सुविधाओं, औद्योगिक निवेश और मध्यप्रदेश के समग्र विकास को प्रस्ताव में प्रमुखता से रखा गया है. कोठारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 25 वर्षों के कार्यकाल पर प्रदर्शनी लगाई गई है.

# आप नेता को मारी गोली

## पंजाब में बाइक का पीछा कर किया हमला

**चंडीगढ़, (एजेंसी) 30 अगस्त. पंजाब के ममदोट कस्बे में आम आदमी पार्टी के नेता गुरप्रीत सिंह गोपी की गोली मारकर हत्या कर दी गई.**

गोपी अपने साथी हरप्रीत के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहे थे. इसी दौरान कार में सवार हथियारबंद हमलावरों ने उनकी बाइक का पीछा किया और फिर फायरिंग शुरू कर दी. गोली लगने से गोपी की मौत हो गई, जबकि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. शुरुआती जांच में दोनों पक्षों के बीच पुराना विवाद सामने आया है. पुलिस चुनाव से जुड़े विवाद को भी हत्या के पीछे संभावित



वजह मानकर जांच कर रही है. एसएसपी ने बताया कि हमलावरों की पहचान कर ली गई है और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें बनाई गई हैं. उन्होंने जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा किया है. गोपी और हरप्रीत मोटरसाइकिल से यात्रा कर रहे थे.

# 18,600 फीट पर सेना ने एक स्किड से उतारा हेलिकॉप्टर

**श्रीनगर, (एजेंसी) 30 अगस्त. भारतीय सेना के एविएशन पायलटों ने बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में 18,600 फीट की ऊंचाई पर सफल मेडिकल रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया.**

नुन-कुन पर्वत श्रृंखला के पास तेज हवाओं और खड़ी पहाड़ी ढलान के बीच एक घायल व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला गया. यह अभियान उस समय किया गया, जब ऊंचाई वाले इलाके में दिन की आखिरी रोशनी तेजी से खत्म हो रही थी.

### वजन किया कम

ऐसे में पायलटों के पास ऑपरेशन पूरा करने के लिए बेहद कम समय था. चुनौती को देखते हुए विमान से गैर-जरूरी सामान हटाकर उसका वजन कम किया गया. हेलिकॉप्टर में केवल जरूरी ईंधन रखा गया, ताकि रेस्क्यू की क्षमता बेहतर बनी रहे. इसके बावजूद मरीज को सुरक्षित निकालने के लिए पर्याप्त दूरी तय करने लायक ईंधन रखा गया.

## ट्रेन में शव रखने वाले मणिपुर से गिरफ्तार

**चेन्नई.** तमिलनाडु पुलिस ने ट्रेन में सूटकेस के अंदर महिला के शव के टुकड़े मिलने के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्याकांड के मुख्य संदिग्धों माणिक उद्दीन लस्कर (22) और उसकी पत्नी भगवती माझी को मणिपुर से गिरफ्तार किया है. दोनों को कई राज्यों में चलाए गए तलाशी अभियान के बाद मणिपुर के जिरीबाम जिले के काशीमपुर से पकड़ा गया. अब दोनों से पूछताछ के बाद ही हत्या की वजह सामने आएगी.

# बिजली गुल, अटका नीट पीजी पेपर

- परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों ने जताई नाराजगी
- 5 सितंबर को दोपहर 3 बजे दोबारा पेपर

**जयपुर, 30 अगस्त। नीट पीजी एग्जाम रविवार को देशभर के कई परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया गया. लेकिन इस बीच जयपुर के एक एग्जाम सेंटर पर बिजली गुल होने की वजह से परीक्षा को कैंसिल कर दिया गया और अब नई तारीखों का ऐलान भी कर दिया गया है.**

बिजली गुल होने से उम्मीदवारों को कई परेशानियों का सामने भी करना पड़ा. इतना ही नहीं केंद्र पर मौजूद बच्चों ने अपनी नाराजगी जाहिर की और कहा कि उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला. अब परीक्षा का आयोजन 5 सितंबर को किया जाएगा. परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित की गई थी. लेकिन तकनीकी खराबी की वजह से परीक्षा शुरी नहीं हो पाई. वहां पर मौजूद छात्रों ने नाराजगी जाहिर की और एजेंसी से सवाल किए. छात्रों का आरोप है कि उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया लेकिन अब परीक्षा को रद्द कर दिया गया है और नई तारीखों का ऐलान कर दिया गया है.

### ग्वालियर में 1356 छात्रों ने दी नीट पीजी परीक्षा

**ग्वालियर.** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट पीजी परीक्षा-2026 का आयोजन रविवार को ग्वालियर में दो परीक्षा केंद्रों पर किया गया. परीक्षा प्रात: 9 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक ऑनलाइन आयोजित हुई. दोनों केंद्रों पर कुल 1356 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए.

**चर्चा** 7 आईपीएस के बाद अब आईएएस दिव्या मित्तल का इस्तीफा

# नौकरी से युवा अफसरों का मोहभंग

नवभारत न्यूज

**नई दिल्ली, 30 अगस्त. उत्तर प्रदेश कैडर की 2013 बैच की आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल ने 30 अगस्त को अपनी सेवा से इस्तीफा दे दिया. 13 वर्ष तक प्रशासनिक जिम्मेदारियां संभालने वाली मित्तल अपने कामकाज के लिए चर्चा में रही हैं.**

आईआईटी दिल्ली और आईआईएम बेंगलुरु से पढ़ाई करने के बाद उन्होंने लंदन की नौकरी छोड़कर सिविल सेवा का रास्ता चुना था. मिर्जापुर के लहुरियादह गांव में लंबे अंतराल



के बाद घरों तक नल से पानी पहुंचाने की पहल ने भी उन्हें सुर्खियों में रखा था.

### मप्र के अभिषेक भी छोड़ चुके

बीते 14 महीनों में 40 वर्ष से कम आयु के सात आईपीएस अधिकारियों के नौकरी छोड़ने के मामले सामने आए हैं. इनमें बिहार के नुरुल होदा और काम्या मिश्रा, ओडिशा के जगमोहन मीणा, मध्य प्रदेश के अभिषेक तिवारी भी शामिल हैं.

### राजनीति के साथ दूसरी फील्ड में दस्तक

नौकरी छोड़कर काम्या मिश्रा के मामले को राजनीतिक सक्रियता से जोड़कर देखा गया, जबकि नुरुल होदा ने वक्फ बोर्ड बिल के विरोध के बीच नौकरी छोड़ी. दूसरी ओर, निजी क्षेत्र और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में बेहतर अवसर भी आकर्षण का कारण बन रहे हैं.

### आईआरएस में ज्यादा हो रही बाहर

आईएएस, आईपीएस और आईएफएस में सामूहिक स्तर पर बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा. पिछले तीन दशकों में इन तीनों सेवाओं को मिलाकर लगभग 300 अधिकारियों के इस्तीफा अथवा वीआरएस लेने का आंकड़ा बताया गया है, जो कुल संख्या के मुकाबले एक प्रतिशत से भी कम है. इसके उलट आईआरएस में बाहर निकलने का आंकड़ा काफी बड़ा है. 25 नवंबर 2024 को लोकसभा में दिए गए जवाब के मुताबिक 2014 से 2024 के बीच 853 आईआरएस अधिकारियों ने इस्तीफा या वीआरएस लिया.

